प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **24-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोपियों को थाना मूंढापाण्डे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 23-06-2025 को वादी उमेश पुत्र फूलचन्द निवासी ग्राम भीतखेडा का मजरा थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ जान से मारने की नियत से हमला करने, गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मूंढापाण्डे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0 259/2025 धारा-109/352/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 24-06-2025 को थाना मूंढापाण्डे पुलिस द्वारा आरोपीगण 1-खलील पुत्र मुस्तकीम 2-शकील पुत्र खलील निवासीगण ग्राम भीतखेडा का मजरा थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लाठी बरामद की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1-खलील पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम भीतखेडा का मजरा थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद

2-शकील पुत्र खलील निवासी ग्राम भीतखेडा का मजरा थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद

बरामदगीः- घटना में प्रयुक्त एक लाठी

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. व0उ0नि0 श्री सर्वेश कुमार थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
2. उ0नि0 श्री लाल सिंह थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
3. उ0नि0 श्री विवेक कुमार थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
4. का0 प्रशान्त सिरोही थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद

2- साईकिल व साईकिल पर लटके थैले में रखी डाक चोरी करने के आरोपी को थाना कांठ पुलिस ने किया गिऱफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 16-06-2025 को वादी सुरेश चन्द पुत्र सुक्खे सिंह निवासी मौहल्ला फकीरगंज कस्बा व थाना कांठ मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी की साईकिल व साईकिल पर टंगा एक थैला जिसमें डाक खाने की डाक रखी थी को चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-165/2025 धारा-303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 24-06-2025 को थाना कांठ पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये आरोपी मौहम्मद शोएब पुत्र शफीक अहमद निवासी मौ0 चौधरियान कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से डाक के कुल 63 पैकेट/आर्टिकल बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः- मौहम्मद शोएब पुत्र शफीक अहमद निवासी मौ0 चौधरियान कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर

बरामदगीः- डाक के कुल 63 पैकेट/आर्टिकल

गिरफ्तार करने वाली टीमः- उ0नि0 श्री गंगासरन, उ0नि0 श्री संजीव कुमार, हे0का0 अश्वनी कुमार

3- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 49 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय **पुलिस द्वारा 49 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना कटघर-03, थाना सिविल लाईन्स-01, थाना मझोला-04, थाना पाकबड़ा-03, थाना मूढ़ापाण्डें-03, थाना कांठ-04, थाना छजलैट-07, थाना ठाकुरद्वारा-08, थाना भगतपुर-02, थाना डिलारी-01, थाना बिलारी-09, थाना मैनाठेर- 03, थाना कुन्दरकी-01